प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 06.06.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे रांची, थोड़ी देर बाद सांसदों और विधायकों के साथ करेंगे बैठक, प्रबुद्धजन सम्मेलन को भी करेंगे संबोधित।
2. रांची के कांके डैम को प्रदूषण से बचाने की पहल; ड्रेनेज सुधार के लिए बनेगी स्पेशल टास्क फोर्स, गिरिडीह की उसरी नदी को बचाने के लिए 24 करोड़ के सीवरेज प्लांट को मंजूरी।
3. झारखंड लोक सेवा आयोग ने सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रारंभिक परीक्षा का संशोधित परिणाम किया जारी; परीक्षार्थियों के लिए वेबसाइट पर रिजल्ट उपलब्ध।
4. सीबीएसई ने छात्रों को दी बड़ी राहत; अंक सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर की सात जून।

और

5. झारखंड वूमेंस प्रीमियर लीग का खिताबी मुकाबला कल; दोपहर डेढ़ बजे कोल्हान डायनामोज और पलामू वॉरियर्स के बीच होगी भिड़ंत।

****

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन झारखंड के अपने दो दिवसीय संगठनात्मक दौरे पर रांची पहुंच चुके हैं। वे थोड़ी देर बाद पार्टी के सांसदों और विधायकों के साथ आगामी रणनीतियों पर एक अहम बैठक करेंगे। इसके बाद वे प्रदेश कोर कमेटी से विमर्श करेंगे और शाम को प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करेंगे। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि उनके दो दिवसीय दौरे को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है।

****

रांची नगर निगम ने कांके डैम को प्रदूषण और अतिक्रमण से बचाने के लिए सख्त कार्रवाई शुरू की है। डैम में गिरने वाले गंदे पानी को रोकने और ड्रोन मैपिंग के जरिए अवैध कब्जों की पहचान के लिए कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इस संबंध में नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि हमारी पूरी टीम ने कांके डैम का विस्तारपूर्वक निरीक्षण किया है। डैम की स्वच्छता, संरक्षण और ड्रेनेज व्यवस्था को सुधारने के लिए एक स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया जा रहा है ताकि प्रभावी कदम उठाए जा सके।

****

गिरिडीह शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए नगर विकास विभाग ने करोड़ों की योजनाओं को मंजूरी दी है। उप नगर आयुक्त प्रशांत लायक ने बताया कि उसरी नदी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए चौबीस करोड़ की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और पंद्रह करोड़ रुपये से भव्य रिवर फ्रंट का निर्माण किया जाएगा।

****

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने कहा है कि देशभर में अब तक 9 लाख 42 हजार से अधिक किसान खेत बचाओ अभियान से जुड़ चुके हैं। संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया यह अभियान अब जन आंदोलन का रूप ले रहा है। एक रिपोर्ट

****

झारखंड लोक सेवा आयोग–जेपीएससी ने सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रारंभिक परीक्षा का संशोधित परिणाम जारी कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में संशोधित उत्तर कुंजी के आधार पर यह रिजल्ट तैयार किया गया है। परीक्षार्थी अपना परीक्षाफल आयोग की आधिकारिक वेबसाइट जेपीएससी डॉट गोव डॉट इन पर देख सकते हैं।

****

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने अंक सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 7 जून कर दी है। सीबीएसई ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि छात्र अब रविवार मध्यरात्रि तक अपने आवेदन जमा कर सकेंगे। इससे पहले आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 6 जून निर्धारित थी।

****

राज्य में आगामी 28 जून को पल्स पोलियो दिवस के तहत पांच वर्ष तक 61 लाख से अधिक बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने बताया कि राज्यभर में चौबीस हजार से अधिक बूथ बनाए गए हैं। अधिकारियों ने अभिभावकों से बच्चों को पोलियो रोधी दवा जरूर पिलवाने की अपील की है।

****

रामगढ़ जिले से बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत उत्पादित चार टन आम की पहली अंतरराष्ट्रीय खेप दुबई के लिए रवाना की गई। उपायुक्त ऋतुराज ने इसे हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देश पर पिछले चार–पांच वर्षों से यह योजना चल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की मेहनत से आज बेहतर फल मिल रहे हैं, जिसे हम वैश्विक बाजार तक पहुंचा रहे हैं।

****

रांची के ऑड्रे हाउस में जनगणना में पोस्ट कार्ड के ऐतिहासिक योगदान पर एक विशेष प्रदर्शनी आयोजित की गई। इसमें विभिन्न दशकों की जनगणना से जुड़े पोस्ट कार्ड, डाक सामग्री और जागरूकता अभियानों को चलचित्र व चित्रों द्वारा दर्शाया गया, जो डिजिटल युग से पहले दूरदराज के क्षेत्रों तक सरकारी सूचनाएं पहुंचाने का मुख्य माध्यम थे। फिल्म निर्माता मेघनाथ ने कहा कि ऐसी प्रदर्शनियां नई पीढ़ी को पारंपरिक संचार साधनों के ऐतिहासिक योगदान से अवगत कराती हैं।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 41 हजार 700 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 55 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

खेल जगत में राज्य के खिलाड़ियों ने शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं। जापान अंडर–18 एशिया कप हॉकी में भारतीय महिला टीम ने कोरिया को तीन–शून्य से हराकर कांस्य पदक जीता है। झारखंड की संदीपा कुमारी बेस्ट प्लेयर चुनी गईं। घरेलू खेलों में, झारखंड वूमेंस प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला कल दोपहर डेढ़ बजे कोल्हान डायनामोज और पलामू वॉरियर्स के बीच खेला जाएगा। उधर, पतरातू में तीस टीमों वाली भव्य छोटानागपुर सुपर डिवीजन फुटबॉल लीग का भी शुभारंभ हो गया है।

*********समाप्त************